# रणजीत टाइम्स

वर्ष: 1, अंक: 118 इंदौर, शनिवार 3 मई 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


# मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने श्री नरेंद्र सलूजा के दुखद निधन पर जताया शोक

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा को नम आंखों से दी अंतिम विदाई**



**रणजीत टाइम्स**

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा का बुधवार को इंदौर में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल ने शुक्रवार को इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश सगंठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने श्री नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री नरेंद्र सलूजा की अंतिम यात्रा आज प्रातः 11 बजे उनके निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर से रीजनल पार्क मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्री नरेंद्र सलूजा को उनके पुत्र श्री मीत सलूजा ने मुखाग्नि दी।

### श्री सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे -डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री नरेंद्र सलूजा के निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री नरेंद्र सलूजा का असामयिक निधन भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी क्षति है। श्री सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे। पार्टी ने एक होनहार व्यक्ति को खो दिया है यह दुखद है। मैं भगवान महाकाल से कामना करता हूं कि श्री सलूजा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### श्री सलूजा का हमारे बीच से जाना पार्टी के लिए बड़ी क्षति-श्री विष्णुदत्त शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने श्री नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा श्री नरेंद्र सलूजा का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। पार्टी ने एक अच्छे वक्ता को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## पंचतत्व में विलीन हुए श्री सलूजा

श्री नरेंद्र सलूजा की अंतिम यात्रा शुक्रवार को प्रातः 11 बजे निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर से रीजनल पार्क पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी,नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा,विधायक श्री मधु वर्मा,श्री रमेश मेंदोला,पूर्व विधायक श्री गोपीकृष्ण नेमा,श्री सुदर्शन गुप्ता,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती,युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री निशांत खरे, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे,यशपाल सिंह सिसोदिया,मिलन भार्गव,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू,मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती गुंजन चौकसे,श्री अश्विनी जोशी, पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा,श्री के के मिश्रा,श्री प्रमोद टंडन,निरंजन सिंह गुड्डू,बबलू शर्मा,भाजपा मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी,नितिन द्विवेदी विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ पत्रकारों सहित पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में समाजजन व इंदौर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**रणजीत टाइम्स | विशेष संपादकीय**

# पत्रकारिता

## "निडर सत्य की आवाज़"

**विश्व पत्रकारिता दिवस – 3 मई 2025**

जब इतिहास की परतें पलटी जाएंगी, तो वहां केवल राजाओं की कहानियाँ नहीं, बल्कि उन पत्रकारों की क़लम की धार भी दर्ज़ होगी जिन्होंने अंधेरे में उजाले की लौ जलाई।

### पत्रकारिता कोई पेशा नहीं

यह ज़िम्मेदारी है, संघर्ष है, और कभी-कभी एक अकेली आवाज़ बनकर सच्चाई का उद्घोष है।

»» एक पत्रकार सत्ता से सवाल करता है, सड़क से संसद तक आम जनता की पीड़ा को शब्द देता है, और अक्सर अपने निजी हितों को दांव पर रखकर समाज के हित में बोलता है। आज जब मीडिया पर आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक दबाव हैं, तब भी सच्चे पत्रकार अपनी निष्ठा, निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ खड़े हैं, आज का युग 'वायरल सच' और 'चुप कर दी गई आवाज़ों' का है। ऐसे में सच्ची पत्रकारिता वह दीपक है जो धुंध और अंधकार के बीच भी दिशा दिखाता है। पत्रकार वो नहीं जो सिर्फ खबर देता है, पत्रकार वो है जो खबर के पीछे की सच्चाई उजागर करता है। इस पत्रकारिता दिवस पर, रणजीत टाइम्स उन सभी निर्भीक पत्रकारों को सलाम करता है।

**»» जो सवाल करते हैं**
**»» जो सच बोलते हैं,**
**»» और जो उस रास्ते पर चलते हैं,**
**»» जहां जोखिम होता है पर कर्तव्य भी।**




**आपका-गोपल गावंडे**
**प्रधान संपादक, रणजीत टाइम्स**

# बंद नंबरों की भरमार

**सरकारी और प्राइवेट वेबसाइटों पर जनता हो रही है परेशान**

**रणजीत टाइम्स | विशेष रिपोर्ट |**

आज के डिजिटल युग में जहाँ हर सेवा ऑनलाइन उपलब्ध है, वहीं एक गंभीर समस्या उभरकर सामने आ रही है- सरकारी व निजी वेबसाइटों पर दिए गए संपर्क नंबरों में से कई पूरी तरह बंद या आउट ऑफ सर्विस हैं।

चाहे वह बिजली विभाग की हेल्पलाइन हो, ग्राम पंचायत कार्यालय का नंबर हो, या किसी प्राइवेट कंपनी का कस्टमर केयर- बहुत से नंबर काम ही नहीं कर रहे। जनता घंटों कोशिश करती है, लेकिन न कोई रिस्पॉन्स मिलता है और न ही समाधान। सबसे गंभीर बात यह है कि कई सरकारी पोर्टल वर्षों पुराने लैंडलाइन नंबर दिखा रहे हैं, जो अब निष्क्रिय हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अपडेट नहीं किया गया है। इससे जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है।

**रणजीत टाइम्स की पड़ताल में यह सामने आया कि कई सरकारी वेबसाइटें जैसे:--**

»» बिजली कंपनियों के ज़ोनल कार्यालय

»» नगर निगम हेल्पलाइन

»» जनपद पंचायत या ग्राम पंचायत कार्यालय

»» जिला स्वास्थ्य विभाग

इनमें 70% नंबर या तो "बंद", "डिसकनेक्टेड" या "हमेशा व्यस्त" रहते हैं।

### जनता की मांग है कि

सभी पोर्टल पर नंबरों की मासिक समीक्षा हो बंद नंबरों की जगह वास्तविक मोबाइल या एक्टिव व्हाट्सएप हेल्पलाइन हों शिकायत पोर्टल और सोशल मीडिया से फीडबैक के आधार पर अपडेट हो...

**»» क्या संबंधित विभागों की नींद अब खुलेगी?**

**»» यह सवाल अब हर आम आदमी के मन में है।**



# सोशल मीडिया पर प्यार, फिर बंद कमरे में बनाया 'वो' वाला वीडियो, अब फंस गया बीजेपी नेता का बेटा



**रणजीत टाइम्स**

**ऋषि गोस्वामी**

## शिवपुरी में एक युवती को बीजेपी नेता के बेटे से

सोशल मीडिया पर प्यार हो गया था। दोनों ने अपनी सहमति से बंद कमरे में शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो भी बनाया। अब जब बीजेपी नेता के बेटे ने शादी से इनकार किया तो लड़की ने सारा भेद खोल दिया है। बीजेपी नेता के बेटे पर रेप का केस

शिवपुरीः जिले की भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री

शर्मा के बेटे रजत शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। शहर की एक युवती ने नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के बेटे रजत शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने युवती की शिकायत पर एक्शन लिया है। दरअसल, शहर के वार्ड नंबर 7 शिव कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

उसने बताया है कि वह रजत शर्मा से सोशल मीडिया के माध्यम से मिली थी। फिर हमारी दोस्ती आगे बढ़ी और हमारी फोन पर बात होने लगी। 20 अगस्त 2023 को युवती की मुलाकात रजत से पहली बार हुई। उसी समय रजत ने युवती से शादी के लिये प्रपोज किया। युवती ने कहा कि रजत ने मुझसे कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं और बाद मुझसे फिजिकल रिलेशन बनाने की डिमांड की थी। युवती का कहना है कि वह शादी करना चाहता था, इसलिए हम दोनों के बीच सहमति से कई बार फिजिकल रिलेशन बने थे। शादी का झांसा देकर बनाए संबंध युवती का कहना है कि हम दोनों की सहमति से रजत ने शारीरिक संबंध की वीडियो बनाई थी। वह वीडियो मेरे पास मौजूद है। मेरे और रजत के संबंधों के बारे में मैंने अपने घर पर बताया था। मेरे माता जी और बहनें शादी के लिये तैयार थे। रजत के घर भी सबको पता था। युवती का आरोप है कि उसके बाद मेरे भाई मयंक को कैंसर हो गया था, फिर रजत ने बोला भैया ठीक हो जाएं उसके बाद शादी कर लेंगे। 10 मार्च 2025 को उसका देहांत हो गया। फिर मैंने रजत को बोला अब मेरा कोई नहीं है और तुम शादी कर लो, लेकिन वो बहानेबाजी करने लगा। नेताओं ने राजीनाम का बनाया दबाव

पीड़ित युवती ने आरोप लगाया कि शिवपुरी के कई नेताओं ने इस मामले में कार्रवाई न करने को लेकर राजीनामा करने का दबाव बनाया। युवती का आरोप है कि नपाध्यक्ष के पुत्र ने उनसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती पूर्व में तीन बार एफआईआर कराने के लिए थाने आ चुकी थी, परंतु हर बार वह बिना एफआईआर कराए वापस घर लौट गई थी। पूर्व खेल मंत्री यशोधरा समर्थक हैं गायत्री शर्मा बता दें कि शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहीं और पूर्व खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जब शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक थीं तब उनकी ही पसंद के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा को अध्यक्ष के रूप में पार्षदों ने चयनित किया था। इस चयन के दौरान भाजपा की अंदरूनी राजनीति और गुटबाजी के कारण नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव विवादों में भी रहा था, लेकिन तत्कालीन खेल मंत्री की जिद के कारण भाजपा नेत्री गायत्री शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाया गया था। इसके बाद पार्षदों ने उनका चुनाव किया था।

# नेशनल हाईवे निमरानी बायपास रोड़ पर कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाप बेटे घायल



**रणजीत टाइम्स**

**शिवकुमार राठौड़**

कसरावद.बलकवाड़ा थाना की खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र में चौराहों पर स्पीड ब्रेकर नही होने से दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही वही एक दिन पूर्व कार दुर्घटना भी हुई थी तो वही शुक्रवार को एक फिर से दूसरी घटना मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निमरानी बायपास क्रासिंग पर एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार खलघाट की ओर से आ रही तेज रफ्तार मारुति कार क्रमांक एम पी 12 सी ए 5866 ने निमरानी बायपास क्रासिंग पर बाइक क्रमांक एम पी10 एम ए 7562 सवार दो व्यक्तियों को जोरदार मार दी थी जिसमे बाइक सवार दोनों पवन पिता महादेव वर्मा निवासी ग्राम सोनखेड़ी महादेव पिता रामचंद्र वर्मा दोनो बाप बेटे घायल हो गए हो सूचना मिलने पर खलटाका पुलिस मौके पर पहुंची ओर पुलिस वाहन हंड्रेड डायल से घायलों को ठीकरी अस्पताल पहुँचाया गया।

**कार को साइड में कर के**

यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू करवाया गया। कार चालक ने बाइक को बचाने के लिए गाड़ी के ब्रेक लगाए तो तेज रफ्तार में कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराते हुए बाइक को टक्कर मारते हुए बीच रोड पर आकर रुक गई और कार के अगले दोनों टायर फुट गए जिससे आसपास के क्षेत्र में बहुत ही खतरनाक आवाज सुनाई दी गई। जिससे आसपास की दुकानो पर बैठे लोग दौड कर आए ओर बाइक सवार दोनों लोगो को उठाया बताया जा रहा है बाइक सवार दोनों लोग ग्राम पिपलझोपा के रहने वाले है एम्बुलेंस को सूचना दी गई लेकिन फिर भी आधे घण्टे तक एम्बुलेंस नही आई तो ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से घायलों को हंड्रेड डायल वाहन से ठीकरी अस्पताल पहुचाया गया इस हादसे में फिर क्रासिंग पर स्पीड ब्रेकर कमी दिख रही है।अगर स्पीड ब्रेकर हो तो हो सकता है दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को लिखित आवेदन भी दिया गया है।

## ग्राम खलबुजुर्ग स्थित नर्मदा नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूबे दो को बचाया एक की मौत पुलिस मामले की जांच में जुटी

**रणजीत टाइम्स**

**शिवकुमार राठौड़**

कसरावद.बलकवाड़ा थाना की खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र के नर्मदा किनारे ग्राम खलबुजुर्ग स्थित शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब नर्मदा नदी में नहाने के दौरान तेज पानी के बहाव में



संतुलन बिगड़ने से डूबने से एक युवक की मौत हो गई।बताया जा रहा की तीन युवक नहा रहे थे। जिसमे से दो युवक गोतम पटेल निवासी सियारामपुरा और विशाल पटेल ग्राम पिपलझोपा को बचा लिया गया था।जिसमे तीसरे युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।डूबने वाला युवक ग्राम काटकुर का निवासी है जिसका नाम अंकित पिता कमल पटेल है।उम्र 23 वर्ष थी। यहां मन्नत के क्रायक्रम में शामिल होने आया था और नहाने के दौरान यह घटना हो गई।मन्नत के कार्यक्रम में घटना के पूर्व मां नर्मदा को चुनरी भी ओढ़ाई गई थी।जिसके बाद यह घटना घटित हो गई गोताखोर की मदद से दो युवकों को बचा लिया गया था तो वही एक की डूबने से मौत हो गई। वही सूचना मिलते ही खलटाका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से युवक के शव को नर्मदा नदी से बाहर निकाला गया। वही युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कसरावद पहुंचाया पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सोपा गया तो वही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

# अभाविप की पत्रकार वार्ता, प्रशासन से आरोपी के गिरफ्तारी की माँग

**रणजीत टाइम्स**

**ऋषि गोस्वामी**




फरवरी माह में शिवपुरी के हैप्पी डेज स्कूल में पढ़ने वाली 3 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का हुआ था प्रयास, एफआईआर के बाद भी नहीं हुई आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिवपुरी के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ गौरतलब है कि फरवरी माह में शिवपुरी के हैप्पी डेज स्कूल में पढ़ने वाली 3 वर्षीय बच्ची के साथ किसी ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया था जिसकी पॉस्को एक्ट के तहत एफआईआर शहर कोतवाली में दर्ज हुई लेकिन अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बच्ची के पिता ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग प्रशासन से की व न्याय देने की गुहार लगाई उनका कहना था कि इस विषय को दबाया जा रहा है कैमरा लगाने वाले लड़के को बच्ची ने पहचान लिया है जिसने उसके साथ गलत किया था वहीं अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस विषय में अभाविप चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी व अपराधी की गिरफ्तारी की मांग करेगी।

# रणजीत टाइम्स

इंदौर, शनिवार 3 मई 2025

03

DIGITAL EDITION


विश्व पत्रकारिता दिवस

# पत्रकारिता की स्वतंत्रता का प्रतीक

**राजेश धाकड़, पत्रकार**

इंदौर। हर वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, जो वैश्विक स्तर पर पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की भूमिका को रेखांकित करता है। इस दिवस का उद्देश्य न केवल पत्रकारों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में उनकी भूमिका को भी स्वीकार करना है।

### समाज में पत्रकारिता की भूमिका

पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ मानी जाती है। यह लोगों तक सत्य, निष्पक्ष और समय पर जानकारी पहुँचाने का कार्य करती है। पत्रकार आम जनता और सत्ता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जो नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाते हैं। पत्रकारिता के बिना एक सशक्त लोकतंत्र की कल्पना अधूरी है।

### मौजूदा चुनौतियाँ

हाल के वर्षों में पत्रकारिता कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। फेक न्यूज, सेंसरशिप, सत्ता का दखल, और पत्रकारों पर हमलों की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। भारत समेत दुनिया भर में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जहाँ पत्रकारों की स्वतंत्रता को खतरा पहुँचा है। यह स्थिति न केवल प्रेस की स्वतंत्रता बल्कि लोकतंत्र के लिए भी चिंता का विषय है।

### भविष्य की दिशा

डिजिटल युग में पत्रकारिता के स्वरूप में बदलाव आया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और मोबाइल पत्रकारिता ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों में गलत सूचना और ट्रोलिंग जैसी नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। ऐसे में पत्रकारों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नैतिक पत्रकारिता के मानकों को भी बनाए रखना होगा।

### निष्कर्ष

विश्व प्रेस दिवस हमें यह याद दिलाता है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है। समाज को पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। प्रेस की स्वतंत्रता केवल पत्रकारों के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक के सूचना के अधिकार से जुड़ी हुई है।

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का कसरावद आगमन

# सहकारी बैंक कर्मचारी एवं भाजपा के नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया

रणजीत टाइम्स

**शिवकुमार राठौड़**



कसरावद. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार को खरगोन कसरावद जय स्तंभ चौराहे पर पहुंचे दो अलग-अलग स्वागत पांडाल लगाकर सहकारिता बैंक के कर्मचारीयों एवं भाजपा के नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया एक दिवसीय खरगोन प्रवास पर है। प्रवास के दौरान वे पुराने रेस्ट हाउस भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की गई। जिनके साथ नेताओं एवं पुलिस प्रशासन का काफिला भी चल रहा था।प्रवास के दौरान खरगोन जिले की 5 विधानसभाओं को बड़ी सौगात देंगे लेकिन कसरावद क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि यहां पर कोई भी प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग द्वारा कोई भी योजना का पिटारा नहीं खोला गया।




रणजीत टाइम्स



भोपाल में हुई लव जिहाद की घटना को लेकर कोलार के बीमा कुंज पर सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में लव जिहाद के विरोध में बड़ा प्रदर्शन हुआ सिमे हजारों घरेलू एवं काम काजी महिलाओं सहित स्कूल कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रही। अत्यधिक संख्या की वजह से कोलार सिक्स लेन पर जाम की स्थिति भी निर्मित हो गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान लव जिहाद करने वालों को गोली मारों सालों के नारे भी लगे

# नेशनल हाईवे पर ग्राम निमरानी बायपास रोड़ पर एक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी खाई कार एक बच्ची सहित छह घायल

## उज्जैन शादी समारोह से लोट रहा था परिवार उज्जैन से शादी समारोह से लौटने के दौरान अनियंत्रित हुई कार दंपती सहित, कार चालक दामाद और अन्य तीन घायल

रणजीत टाइम्स

**शिवकुमार राठौड़**

कसरावद.बलकवाड़ा थाना के खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र के मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम निमरानी बायपास रोड पर बीती रात्रि करीब तीन बजे एक कार हादसा हुआ है जिसमे कार सवार दंपती सहित कार चालक दामाद और तीन अन्य घायल हुए हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार उज्जैन शादी समारोह से होकर बड़वानी जिले के चितावल की और जा रही कार एम पी 09 डी डब्ल्यू 7514 अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलटी खा गई।वही कार पलटने के बाद अन्य वाहन चालकों द्वारा कार में घायल लोगो को बाहर निकाला गया एंबुलेंस को सूचना देने के बावजूद भी आधे घंटे तक एंबुलेंस नही पहुंच पाई थी।जिस पर गस्त कर रहे पुलिस वाहन पर सूचना पर खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र अवास्या मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कार से निकालकर अपने पुलिस वाहन से धामनोद अस्पताल पहुंचाया गया।वही कार में सवार छह लोग घायल है जिसमे कार चालक सहित तीन पुरुष दो महिला सहित एक बालिका घायल हुई है।वही कार में बैठे घायल परिवार का इलाज धामनोद में चल रहा है।वही परिजन कैलाश सनफरा ने जानकारी देते हुए बताया की यह कार चालक मेरे भाई का लड़का है ये मंगलवार को उज्जैन शादी के लिए गए हुए थे वही बुधवार की बीती रात्रि करीब तीन बजे उज्जैन से आते समय यह हादसा हो गया नेशनल हाईवे पर ग्राम निमरानी बायपास रोड पर आकर देखा तो कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।वही कार में मेरा भतीजा सचिन सनफरा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चितावल जिला बड़वानी प्रेमलाल पिता राजाराम चोयल उम्र 45 वर्ष और सचिन के ससुर बाबूलाल पिता लुणाजी परिहार उम्र 55 वर्ष मनु बाई पति बाबूलाल परिहार उम्र 52 वर्ष निर्मला पति लक्ष्मण परिहार और एक बालिका कुक्कू पिता जितेंद्र परिहार 15 वर्ष सुराणा जिला बड़वानी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिन्हे पुलिस द्वारा धामनोद अस्पताल पहुंचाया गया था।वही सचिन का हाथ टूट जाने से उसे खंडवा अस्पताल रैफर किया गया है।वही शादी समारोह से लोटने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने ओवरटेक करने के दौरान कार को कट मारने पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी खा गई।



# खरगोन आगमन के दौरान पवित्र पर्यटन नगरी मंडलेश्वर में मंत्री विश्वास सारंग का भव्य स्वागत

## विधायक मेव ने 300 गाड़ियों के काफिले से महेश्वर में भरा जोश




### दीपक तोमर मंडलेश्वर

मण्डलेश्वर । शुक्रवार को मप्र शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के प्रथम आगमन पर महेश्वर विधान सभा के पलास होटल पर सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक राजकुमार मेव एवं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रभारी मंत्री की अगवानी के लिए एकत्रित हुए। पलास होटल बागदरा से विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में 300 गाड़ियों का विशाल काफिला सारंग के साथ रवाना हुआ जिसने पूरे क्षेत्र में उत्साह का संचार किया। मंडलेश्वर नगर में जगह-जगह मंचों से भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रभारी मंत्री श्री सारंग द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण का जय भीम के नारे लगाए। इसके पश्चात वह खरगोन के लिए रवाना हुए जहां मंडलेश्वर पुल से मां नर्मदा का पूजन भी उनके द्वारा किया गया। खरगोन जिले से भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे, खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल भी सारंग के स्वागत के लिए उपस्थित रहे। महेश्वर विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष,जनपद पंचायत अध्यक्ष,जनपद उपाध्यक्षऔर हजारों पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।इसके बाद उनका काफिला कसरावद विधानसभा में प्रवेश कर गया, जहां महेश्वर विधान सभा से 300 गाड़ियों का काफिला खरगोन रवाना हुआ ।

## मृत गौ माता का बजरंग दल ने किया अंतिम संस्कार

**रणजीत टाइम्स**

मंडलेश्वर। ग्राम नांद्रा, पथराड़ के पास विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकताओं को सूचना मिली कि पथराड फाटे के आगे कतरगांव रोड पर गौ माता मृत अवस्था में है तभी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ग्राम समिति पथराड, नांद्रा के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और गौ माता का अंतिम संस्कार पूरे रीति रिवाज से किया गया बजरंग दल के विशाल मेवाड़े,गौतम पाटीदार,गौतम सोनी,विकास वर्मा ,विष्णु चौहान,विशाल वर्मा, मोहन वर्मा, गौतम वर्मा, अजय वर्मा, मुकेश वर्मा,सरपंच मुकेश सोलंकी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

## 100 दिनों में कोई भी स्कूल शौचालय विहिन न रहें- प्रभारी मंत्री श्री सारंग




### वन विभाग की अनुमति संबंधी लंबित प्रकरणों का 15 दिनों में करें निराकरण

**दीपक तोमर**

खरगोन। मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्री विश्वास सारंग ने 02 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय खरगोन में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री राजकुमार मेव, श्री सचिन बिरला, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, उपाध्यक्ष श्री बापूसिंह परिहार, जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह, वनमण्डलाधिकारी एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान प्रभारी श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करें। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बनाएं रखें। इससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। शिक्षा विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ड्राप आउट शत प्रतिशत बच्चों को शालाओं में पुनः प्रवेश शीघ्रता से दिलाया जाए। जिन शालाओं में शिक्षक नहीं है, उनमें शिक्षकों की व्यवस्था के लिए शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। जिन शालाओं में शौचालय नहीं है, उनमें शौचालय बनाएं जाएं। प्रभारी मंत्री सारंग ने बैठक में संकल्प दिलाया कि अगले 100 दिनों में जिले की कोई भी शाला शौचालय विहिन नहीं रहेगी। शौचालय निर्माण के लिए शासन की योजना के साथ-साथ विधायक निधि, सांसद निधि, सीएसआर एवं अन्य मदों से राशि का इंतजाम किया जाएगा और प्रत्येक शाला में बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाएं जाएंगे।

प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रावासों में बच्चों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहना चाहिए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृती का भुगतान समय पर होना चाहिए।

प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने कहा कि जिले में कहीं पर भी रेत एवं अन्य खनिज का अवैध रूप से खनन नहीं होना चाहिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नल जल योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए क्लस्टर बनाकर अन्य विभागों के अधिकारियों से उनका सत्यापन कराया जाए। नल जल योजनाएं पूर्ण होने के बाद सुचारू रूप से ग्रामीणों को जल प्रदाय करती रहे इसके लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों से उसकी सतत मॉनिटरिंग कराई जाए। जो गांव नल जल योजना से छुट गए हैं, उनमें पेयजल की व्यवस्था के लिए जल गंगा सवंर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण की संरचनाएं बनाई जाए।

प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए वन विभाग के अनुमति की आवश्यकता है, ऐसे लंबित प्रकरणों का 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्यानिकी, कृषि, उद्योग एवं सहकारिता विभाग को आपस में समन्वय कर कार्य योजना बनाने कहा गया। जिससे आगामी 06 माह में जिले में रोजगार के नये अवसर सृजित हो सके। प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। राजस्व विभाग के सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण के लंबित प्रकरणों का निराकरण आगामी 03 माह के भीतर अनिवार्य रूप से करने कहा गया। आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों को कपास एवं अन्य फसलों के बीज तथा उर्वरक सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए नये मिल्क रूट बनाने के लिए कारगर प्रयास करने और नई दुग्ध सहकारी समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय एवं रोजगार सृजन करने वाली समिति बनाने के लिए उन्हें कृषि आधारित कच्चे माल की सप्लाई से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां केवल कृषि आदान सामग्री के विक्रय तक सीमित न रहे, बल्कि अपनी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए कारगार प्रयास करें। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना का कार्य जून माह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा, एक जिला एक उत्पाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, खेल विभाग की योजनाएं एवं कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।







# पोहरी विधायक ने सड़क सुरक्षा के लिए सामूहिक पाल बघेल समाज विवाह सम्मेलन में हेलमेट वितरित किए



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

शिवपुरी जिले के पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा इन दिनों सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हेलमेट वितरित करते नजर आ रहे जहां भी जाते हैं वहां एक ही पाठ पढ़ाते हैं कि दो पहिया वाहन चालक यानी बाईक चलाएं तो हेलमेट लगाकर ही चलाएं विभिन्न शादी सम्मेलन कार्यक्रमों में पहुंचे इसी क्रम में पाल बघेल समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा है कि अपने बच्चों को शिक्षा की ओर कदम अग्रसर बढ़ाएं हमें अपने पाल बघेल समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ पढ़ाई कराएं ताकि समाज के होनहार बच्चे कलेक्टर- एसपी अगर बच्चे बनेंगे तो मेरी विधानसभा के बच्चे देश के कोने में परचम लहराएंगे पोहरी विधायक इन दिनों सड़क सुरक्षा को लेकर जगह जगह सचेत कर रहे हैं विधायक कुशवाहा बोले आजकल बहुत बहुत दुर्घटनाएं होती है तो वह हेलमेट की वजह से होती है कैलाश कुशवाहा बोले मैंने निअपनी जिंदगी में निश्चय किया है कि जब तक मैं विधायक रहूंगा तब तक अपनी पूरी सैलरी के हेलमेट वितरित करता रहूंगा जब यह उद्बोधन कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा ने दिया तो लोगों की तालियां नहीं रूकी और सभी लोग उनकी इस सराहनीय पहल से सभी खुश नजर आए इस अवसर पर विधायक के साथ पाल बघेल धनगर समाज के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप बघेल, रामनिवास बघेल के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे पाल बघेल समाज सम्मेलन की ओर दीवान सिंह बघेल ने आभार जताया है।

# विधायक ने कन्याओं का पूजन कर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में किए प्रमाण पत्र वितरण

## बालिकाओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) महिला बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 02 मई शुक्रबार को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किया गया। इसी क्रम में आज पिछोर विकासखंड के जनपद सभागार में माननीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी की अध्यक्षता में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ! इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार लोधी, उजमा खान,सौरभ शर्मा, लोकेंद्र सिंह यादव, खनियाधाना भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश भरदेलिया, जिला मंत्री राजकुमारी लोधी, सतीश शर्मा, महिला बाल विकास सुपरवाइजर सुरेखा शर्मा,नीतू गुप्ता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि सेंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे !

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कन्याओं का पूजन किया गया, इस दौरान विधायक द्वारा बताया गया कि हमारी मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा लाडली बहिनों एवं लाड़ली लक्ष्मी जैसी कई ऐसी योजनायें चलाई जा रही हैं,जिसका आमजनों को सीधा लाभ मिल रहा है, आज हमारे मध्यप्रदेश की सभी बहिनें बहुत सशक्त हो चुकी हैं ओर अपने पेरों पर खड़ी हुई है !

कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा जैनब अली,. अविका भट्ट,सारा कुरेशी, मान्या यादव, सदफ खान, फातिमा जैहर, गरिमा केवट, शिवांगी सेन, नायरा केवट आदि कन्यायों को लाडली लक्ष्मी योजना प्रमाण पत्र वितरण किये गये,इस दौरान लाड़ली लक्ष्मी क्लब की लाड़ली बालिकाओं द्वारा भागीदारी की गई तथा बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।

# शिवपुरी में कांग्रेस ने नपा अध्यक्ष से मांगा इस्तीफा

## बेटे पर रेप का आरोप

### जिलाध्यक्ष बोले- आरोपी को गिरफ्तार कर घर पर बुलडोजर चलाएं



रणजीत टाइम्स

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा के बेटे रजत शर्मा पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात को आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज की। युवती ने कहा कि उसने पहले भी चार बार थाने में शिकायत की, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण मामला दर्ज नहीं हो सका था। मामले में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध रैली निकालकर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर घर पर बुलडोजर चलाने और नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा से इस्तीफे की मांग की।

### जानें क्या है मामला सोशल मीडिया पर हुई थी पहचान

FIR के मुताबिक युवती की रजत शर्मा से अगस्त 2023 में फेसबुक के जरिए पहचान हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच संबंध बढ़े। रजत ने शादी का वादा कर कई बार होटल, किराए के मकान और कार में संबंध बनाए। युवती ने दावा किया कि रजत ने इन संबंधों के वीडियो भी बनाए और शादी का आश्वासन देता रहा। युवती ने बताया कि उसके परिवार को भी रिश्ते की जानकारी थी और वे शादी के लिए तैयार थे। लेकिन मार्च 2025 में उसके भाई की कैंसर से मौत के बाद जब उसने शादी का दबाव बनाया, तो रजत ने साफ मना कर दिया। 10 अप्रैल को आरोपी ने युवती की बहन से कहा कि मैं अब शादी नहीं करूंगा, चाहे फांसी लग जाए या जेल चला जाऊं। पुलिस ने दर्ज की FIR, जांच शुरू पीड़िता इससे पहले चार बार शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी, लेकिन FIR दर्ज नहीं हो सकी। आखिरकार 30 अप्रैल को युवती ने लिखित आवेदन देकर पुलिस को साक्ष्य सौंपे। इसके बाद FIR क्रमांक 667/30.04.25 दर्ज की गई।

पुलिस ने धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सामने आने के बाद से ही शिवपुरी की सियासत में हलचल तेज हो गई थी। विपक्ष लगातार भाजपा नेताओं ने एफआईआर दर्ज न करने का दबाव बनाने का आरोप लगा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी और बुलडोजर कार्रवाई की मांग शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी और पार्टी के पार्षदों ने विरोध रैली निकालकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोपी रजत की तत्काल गिरफ्तारी और उसके घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा से इस्तीफे की मांग भी की गई। जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होना सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है। कांग्रेस ने कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष चौहान सहित नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा और कांग्रेसी पार्षदों के हस्ताक्षर हैं। शिवपुरी नगरपालिका अध्यक्ष के बेटे पर दुष्कर्म का केस:शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए, पांचवीं बार में हुई FIR दर्ज।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

# आकर्षक वेदियों में 740 जोड़ों ने लिए 7 फेरे

रणजीत टाइम्स

**संदीप वाईकर**



बैतूल मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में 740 जोड़ों का भव्य रूप से विवाह संपन्न कराया गया। सभी वर वधु ने मंत्रोचारण के बीच खुशी खुशी एक दूसरे को वरमाला पहनाई और जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। सभी ने आकर्षक वेदियों में 7 फेरे लिए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य श्री दुर्गादास उईके, विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल , जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, श्री सुधाकर पवार , अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित समस्त पार्षदगण और जनपद सदस्य शामिल हुए और पुष्पवर्षा से बारात की अगवानी की। प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। 740 जोड़े जिनमे 526 का जनजातीय रितिरिवाज , 209 वैदिक पद्धति एवं 5 का निकाह संपन्न कराया गया।

मंचीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल प्रेरक नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्वर्णिम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली, संपन्नता और ऐश्वर्य लाने के लिए विविध प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। पात्र परिवारों को निशुल्क राशन, पीएम आवास, गति देने वाली सड़कों का जाल, उज्जवला गैस कनेक्शन, 5 लाख तक का निशुल्क उपचार,लाडली बहना योजना के तहत प्रतिमाह राशि, घरों में शौचालय, सुचारू बिजली, एवं नल से जल पहुंचने का कार्य प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की चिन्ता कर पूरी भव्यता और गरिमा के साथ उनका विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विवाह एक ऐसा संस्कार है जिसमें पुरुष और प्रकृति एक होकर एकाकार हो जाते है और नव वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर गृहस्थ आश्रम को आगे बढ़ाते हैं और उत्कृष्ट संततियों को जन्म देते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की ओर से सभी नव युगल दंपतियों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने सभी नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज प्रशासन द्वारा सभी 731 जोड़ों का बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों का विवाह करा मध्यप्रदेश सरकार उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। विवाह जैसे महत्वपूर्ण आयोजन को सभी परंपराओं के साथ धूमधाम से कर नव दंपतियों को 49 हजार की राशि भी प्रदान की जा रहीं है। इस आयोजन में सभी जनप्रतिनिधि आज एक जगह एकत्रित होकर नव दंपतियों को आशीर्वाद दे रहे हैं ताकि उनका आने वाला जीवन सुखमय हो।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धुर्वे ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार लगातार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रहीं हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बारस्कर ने कहा कि गरीब परिवार बेटियों की विवाह अच्छे से करानी की चिंता मध्यप्रदेश सरकार ने की हैं। श्री सुधाकर पवार ने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक की सभी व्यवस्थाएं मध्यप्रदेश सरकार कर रही हैं। गरीब परिवार को भी अच्छे से विवाह करने का अधिकारी हैं। आज 4 करोड़ 15 लाख की राशि से बैतूल में सभी 740 जोड़ो का विवाह धूमधाम से किया जा रह रहा हैं। सभी अतिथियों ने प्रत्येक वेदियों में जाकर नव युगल दंपतियों से भेंट की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

12 सेक्टर और 190 से अधिक वेदियों पर समुचित व्यवस्थाएं- कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 12 सेक्टर बनाए गए। विवाह संपन्न करने के लिए 190 से अधिक वेदियां बनाई गई, जिसमें समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जनपद और महिला एवं बाल विकास विभाग का आमला तैनात रहा। सेक्टर पर व्यवस्थाएं सुचारू संचालित करने के लिए सेक्टर प्रभारी और सहायक सेक्टर प्रभारी भी बनाए गए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने सतत व्यवस्थाओं की निगरानी की।

### भोजन और शीतल पेयजल के उत्तम प्रबंध

कन्या विवाह आयोजन में भोजन और पेयजल के उत्तम प्रबंध किए गए। गर्मियों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। पेयजल की सतत आपूर्ति के लिए 50 से अधिक पानी के टैंकर लगाए गए। सभी वर वधु और उनके परिजनों को उनके निर्धारित स्थानों पर ही समय-समय पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। धूप से बचाव के लिए गुणवत्तापूर्ण टेंट लगाएं गए और जगह कूलर की व्यवस्था भी की गई।

### निकिता, काजल और पूजा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का माना आभार

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत धूमधाम से विवाह संपन्न करने के लिए निकिता काशीराम मालवी, काजल पिता राजू और पूजा-पिता देवराव मर्सकोले ने मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रशासन का आभार माना। उन्होंने कहा कि हमारा विवाह पूरी रीती रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। पंजीयन से लेकर विवाह संपन्न होने तक उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आई। निकिता, पूजा और काजल को अतिथियों द्वारा मंच से 49 हजार की राशि का चेक भी दिया गया।

# हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं

## ● टीम बाहर हो चुकी, लेकिन अपने गुणगान में जुटे कोच

**जयपुर, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मुंबई के खिलाफ हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। हालांकि, टीम के फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक अपने और अपनी टीम के गुणगान में जुटे हैं। याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी टीम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाती है।

राजस्थान रॉयल्स के 11 मैचों में केवल छह अंक हैं और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आरआर को 100 रन से हराया। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, लेकिन इस टीम को इंग्लैंड के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान बटलर और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट की बड़ी कमी खल रही है।




### आने वाले समय में स्टार बन जाएंगे ये खिलाड़ी

रॉयल्स पिछले साल 14 मैचों में 17 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सलामी बल्लेबाज वैभव खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि जायसवाल ने 13 रन बनाए। याग्निक ने कहा, वैभव सूर्यवंशी को देखिए, जब वह गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे तो हर कोई खुश था। दर्शक खुश थे और हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी स्टार बन जाएंगे।

### इसी टीम को आगे बढ़ाएंगे

उन्होंने कहा, समय आ गया है कि आप इससे आगे की सोचें। जब आपके पास स्टार खिलाड़ी नहीं है, तो आपको इसे भूल जाना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमारे पास वैभव, यशस्वी जायसवाल हैं। संजू सैमसन हमारे कप्तान हैं। हम इस टीम के साथ आगे बढ़ेंगे और जीतकर दिखाएंगे। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन की पारी खेली थी।

### पिछले साल और इस साल में टीम में अंतर

याग्निक से जब पिछले साल की टीम और इस साल की टीम के बीच अंतर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, स्टार (खिलाड़ियों) के बारे में आपके प्रश्न में एक बड़ा मुद्दा है। जब भी कोई नया खिलाड़ी आता है, तो वह स्टार नहीं होता है, लेकिन उसे स्टार बनाया जाता है। पिछले साल हमारे पास जो खिलाड़ी थे, जब वे टीम में आए तो वे स्टार नहीं थे, लेकिन वे स्टार बन गए और अब जो खिलाड़ी हमारी टीम में हैं, हम उन्हें स्टार बनाएंगे। हम सुपरस्टार खरीदते नहीं हैं, हम सुपरस्टार बनाते हैं और यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### बुमराह-बोल्ट के साथ काम करके आसानी हो रही

इस बीच मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने स्वीकार किया कि जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से उनका काम आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, जब आप विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो आपके लिए काम आसान हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व स्तरीय गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी करने से मुझे मदद मिल रही है और जब आप एक इकाई के रूप में गेंदबाजी करते हैं, तो दूसरी टीम के लिए भी यह मुश्किल हो जाता है।

# प्लेऑफ से बाहर होने पर बोले रियान पराग- हमने बहुत सी गलतियां की है

**जयपुर, एजेंसी।** रियान पराग को सीजन के बीच कप्तानी मिलना रास नहीं आया है। उनकी कप्तानी में राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई है। जयपुर के मैदान पर राजस्थान को 100 रन से हार झेलनी पड़ी जोकि इस मैदान पर मुंबई की 13 साल बाद हासिल की गई पहली जीत भी है। हार के कारणों पर चर्चा करते हुए राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा कि मुंबई जिस तरह से आज खेली, उन्हें श्रेय देना होगा। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, खेल को थोड़ा और आगे बढ़ाया, 10 रन प्रति ओवर की निरंतरता बनाए रखी और अंत में तेजी से रन बनाए, वह अच्छा था। जहां तक हमारी बल्लेबाजी का सवाल है, यह हमारा दिन नहीं था। अगर रनों का पीछा ही करना था तो 190-200 का लक्ष्य आदर्श होता। लेकिन अंत में हार्दिक और सूर्य भाई ने स्थिति बदल दी। हम आखिरी ओवरों में कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे, लेकिन ऐसा ही है।

पराग ने हार के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अच्छी शुरुआत मिल रही है, लेकिन मध्य क्रम में मैं, ध्रुव पर जिम्मेदारी होती है कि पावरप्ले में विकेट खोने पर पारी को आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए हमें खुद पर भरोसा करना होगा। अगर कोई और स्थिति




(आज की तरह) आती है तो हम इसके लिए तैयार रहेंगे। वहीं, राजस्थान के प्लऑफ की रेस से बाहर होने पर पराग ने कहा कि हमने बहुत सी चीजें सही की हैं, बहुत सी चीजें गलत की हैं, हम उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं जो हमने सही की हैं। हमने बहुत सी गलतियां की हैं। उसे कैसे ठीक करना है, पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हमारे पास कुछ करीबी मैच हैं, अगर हमें अगले 3 में पहले 10 खेलों की तरह अवसर मिलता है तो उम्मीद है कि हम इसे बेहतर कर सकते हैं।

### अंक तालिका -राजस्थान 8वें स्थान पर

राजस्थान सीजन में 8 हार के साथ प्लेऑफ की रेस में लगभग बाहर हो गई है। राजस्थन ने 11 मैचों में सिर्फ तीन ही जीत हासिल की है जो उन्होंने चेन्नई, पंजाब और गुजरात के खिलाफ हासिल की थी। राजस्थान अंक तालिका में 8वें स्थान पर है। वहीं, मुंबई इंडियंस 11 मैचों में 7 जीत के साथ दूसरे स्थान पर आ गई है। पहले पर अभी भी 10 मैचों में सात जीत के साथ बेहतर रन रेट के कारण आरसीबी भी बनी हुई है। मुंबई ने दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, फिर हैदराबाद, लखनऊ और अब राजस्थान को हराया है।

# अली-फरहान ने एक ही कमरे में मिलकर किया रेप

## ● एक-दूसरे के वीडियो भी बनाए,भोपाल दुष्कर्म केस में पांचवीं पीड़िता का चौंकाने वाला खुलासा

भोपाल। भोपाल के निजी कॉलेज की पांच छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में एक और खुलासा हुआ है। यह खुलासा 5वीं पीड़िता के बयान में हुआ है। उसने पुलिस को बताया कि अली और फरहान ने एक ही कमरे में उसके साथ मिलकर रेप किया था। घटना एक साल पुरानी है। दोनों ने दुष्कर्म करते हुए एक दूसरे के वीडियो भी शूट किए थे। विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की गई थी। एक सहेली के माध्यम से वह फरहान के संपर्क में आई थी।



फरहान के जरिए अली से दोस्ती हुई। डिनर के बहाने उसे अशोका गार्डन थाना इलाके में एक रूम में बुलाया गया। यहां उसे खाने के बाद गांजे से भरी सिगरेट पिलाई फिर आरोपियों ने बारी-बारी रेप किया। पुलिस के मुताबिक 22 साल की 5वीं पीड़िता फिलहाल भोपाल में ही रहती है। इधर, आरोपी अली की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को उसे कोर्ट पेश किया गया। यहां से अशोका गार्डन पुलिस ने उसे 6 मई तक रिमांड पर लिया है। अली की निशानदेही पर साक्ष्य जब्ती के साथ उन स्पॉट का वेरिफिकेशन किया जा रहा है, जहां छात्राओं से रेप किया जाता था। रिमांड के दौरान पुलिस फरहान को इंदौर ले गई थी। वहां पुलिस ने अहम सबूत जमा किए हैं। इंदौर के जिस रूम में फरहान ने पीड़िता के साथ रेप किया। वहां की शिनाख्त भी करा ली गई है। पीड़िता ने फरहान द्वारा उसके घर के बाहर हंगामा करने के मामले में डायल 100 पर शिकायत की थी। इवेंट मिलने के बाद एफआरवी मौके पर पहुंची थी। इसके बाद युवती संबंधित थाने पहुंची थी, हालांकि वहां कार्रवाई नहीं की गई। इस बात की पुष्टि भी पुलिस की जांच में हो चुकी है।

### डीसीपी बोले-

**मानव तस्करी के एंगल पर भी जांच-** डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया कि इस बात के तथ्य जांच में आए हैं कि आरोपी अन्य व्यक्तियों के पास युवतियों को भेजते थे। मामले में मानव तस्करी के एंगल पर भी जांच कर रहे हैं। पुलिस को साहिल की डांस क्लास में 30 युवतियों के होने के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। इन युवतियों से भी पुलिस पूछताछ करेगी। इनमें किसी के भी साथ कुछ गलत किए जाने की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपियों द्वारा लड़कियों को डरा-धमकाकर और कितने लोगों से संबंध बनाने पर मजबूर किया गया है। इसके एवज में वह कितने पैसे लिया करते थे। साहिल अपने द्वारा ट्रेंड लड़कियों को शहर के कई हाई प्रोफाइल, होटलों, नाइट क्लब और पार्टियों में लेकर जाया करता था। डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया कि उनके जोन के सभी पब और लाउंज के संचालकों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए जा चुके हैं कि रात 11 बजे तक इन्हें बंद किया जाए।



# क्या आपको पता है राम नाम का अर्थ?

## दो अक्षर के पीछे का रहस्य

**राम नाम है तो भले ही दो अक्षर का, लेकिन इसका अर्थ बहुत गहरा है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है बल्कि इस दो अक्षर वाले नाम के पीछे आलौकिक रहस्य छिपा हुआ है। ऐसे में आइये जानते हैं राम नाम का अर्थ क्या है।**

भगवान श्री राम का यह नाम तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आपको पता हा कि इस नाम का अर्थ है। राम नाम है तो भले ही दो अक्षर का, लेकिन इसका अर्थ बहुत गहरा है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है बल्कि इस दो अक्षर वाले नाम के पीछे आलौकिक रहस्य छिपा हुआ है। ऐसे में आइये जानते हैं राम नाम का अर्थ क्या है।


### श्री राम नाम का क्या मतलब होता है?

राम शब्द भारतीय संस्कृति और धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र नाम है। यह न केवल भगवान विष्णु के सातवें अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम राम का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि इसका गहरा आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ भी है। सरल शब्दों में कहें तो राम नाम एक ऐसा बीज मंत्र है जिसमें ब्रह्मांड की सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति समाहित है। व्याकरण की दृष्टि से देखें तो राम शब्द दो अक्षरों से मिलकर बना है - रा और म। प्रत्येक अक्षर का अपना विशेष महत्व है। रा अक्षर अग्नि तत्व का प्रतीक है और यह हमारी नकारात्मक ऊर्जा, पापों और अज्ञान को जलाने की शक्ति रखता है। यह प्रकाश, ज्ञान और चेतना का भी प्रतिनिधित्व करता है। सरी ओर, म अक्षर जल तत्व का प्रतीक है और यह शीतलता, शांति और अमृतत्व का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्थिरता, पोषण और रचनात्मकता का भी प्रतीक है।

इस प्रकार, राम नाम इन दो शक्तिशाली तत्वों का एक संयोजन है, जो विनाश और सृजन, गर्मी और शीतलता, ज्ञान और शांति के बीच संतुलन स्थापित करता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, राम नाम को ब्रह्मांड की आत्मा माना जाता है। यह वह ध्वनि है जो हर जीव और निर्जीव में व्याप्त है। कुछ आध्यात्मिक परंपराओं में राम नाम को अनाहत नाद या दिव्य ध्वनि के रूप में भी देखा जाता है, जो सृष्टि की शुरुआत से ही गूंज रही है। इस नाम का जाप करने से व्यक्ति अपने अंतरतम सत्य और ब्रह्मांडीय चेतना से जुड़ सकता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम के संदर्भ में, राम नाम उनके गुणों और आदर्शों का प्रतीक बन गया है। वे सत्य, धर्म, न्याय, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा और नैतिक मूल्यों का पालन कैसे किया जाए। इसलिए, राम नाम का स्मरण न केवल भगवान के प्रति भक्ति व्यक्त करता है, बल्कि उनके गुणों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा भी देता है।

संक्षेप में, राम नाम मात्र एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक शक्तिशाली मंत्र है जिसमें आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिक अर्थ और नैतिक प्रेरणा समाहित है। यह नकारात्मकता को दूर करने, सकारात्मकता को आकर्षित करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और आध्यात्मिक विकास की ओर बढ़ने में सहायक है। यह भगवान राम के दिव्य स्वरूप और उनके उदात्त गुणों का स्मरण कराता है और हमें एक धार्मिक और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है।





# ऐसा घाट जहां स्नान करने से परिवार के लोगों में हो जाता है आपसी झगड़ा, जानें इसका रहस्य

हिन्दू धर्म शास्त्रों में ऐसा बताया गया है कि किसी भी पवित्र नदी के घाट पर स्नान करने से जीवन के दुखों का नाश होता है और सुखों की प्राप्ति होती है। विशेष तौर पर गंगा स्नान करने से पाप मिट जाते हैं और पुण्यों में वृद्धि होती है, लेकिन ज्योतिषाचार्य ने हमें एक ऐसे घाट के बारे में बताया जहां अगर एक परिवार के लोग साथ में स्नान कर लें तो पारिवारिक क्लेश जन्म ले लेता है और रिश्तों में दरार आ जाती है। आइये जानते हैं कौन सा है ये घाट और क्या है इससे जुड़ी इस मान्यता के पीछे का सत्य।

किस घाट पर स्नान करने से परिवार में क्लेश पैदा होता है?

शास्त्रों में गंगा घाट का बहुत महत्व माना गया है। बनारस में गंगा किनारे 84 घाट मौजूद हैं। हर घाट का अपना महत्व और रहस्य है। इन्हीं में से एक है नारद घाट। नारद घाट को लेकर ऐसा कहा जाता है कि यहां स्नान करने से पारिवारिक रिश्ते टूट जाते हैं। यानी कि पति-पत्नी, सास-बहु, नंद-भाभी, भाई-बहन आदि साथ में स्नान करें तो रिश्तों में दरार आ जाती है। नारद घाट को लेकर प्रचलित धारणा कहती है कि चूंकि नारद जी का स्वभाव इधर की बात उधर करने का था जिससे दैत्यों और देवताओं में युद्ध छिड़ जाता था, इसी कारण इस घाट पर स्नान करने से वही प्रभाव लोगों के जीवन में भी नजर आता है। हालांकि, नारद घाट सिर्फ एक घाट नहीं है बल्कि यहां प्राचीन शिवलिंग स्थापित है जिसे स्वयं नारद जी ने विराजित किया था।

नारद घाट पर मौजूद शिवलिंग को नारदेश्वर शिव के नाम से जाना जाता है। दरअसल, शास्त्रों में बताया गया है कि नारद जी ब्रह्मचारी थे। इसी स्थान पर उन्होंने पहली बार भगवान विष्णु के बजाय भगवान शिव की तपस्या की थी और शिवलिंग की स्थापना की थी। तब भगवान शिव ने उन्हें यह आशीर्वाद दिया था कि नारद घट पर स्नान करने वाले को आध्यात्मिक बल प्राप्त होगा। तभी से यह परंपरा शुरू हुई कि बनारस में मौजूद नारद घाट साधु-संतों के लिए उत्तम स्थान है गंगा स्नान और तप हेतु एवं चूंकि यहां संत स्नान के लिए आएंगे ऐसे में गृहस्थियों का इस घाट पर स्नान करना उचित नहीं है। हालांकि बाद में इस तथ्य को एक लोक धारणा बना दिया गया और उसे पारिवारिक क्लेश के साथ जोड़ दिया गया जो कि पूर्णतः गलत है और शास्त्र विरुद्ध है।



# श्री राम ने रावण को 32 बाण ही क्यों मारे थे

रामायण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि मृत्यु बाण के प्रयोग से पहले श्री राम ने रावण को 32 बाण मारे थे। आखिर क्या है इन 32 बाणों का रहस्य और क्यों श्री राम ने न कम न ज्यादा, ठीक 32 बाणों से ही रावण पर प्रहार किया।

रामायण से जुड़े ऐसे कई रहस्य हैं जो बेहद रोचक और गुप्त हैं। इन्हीं में से एक है 32 बाणों का रहस्य। यमराज ने रावण के नाम का एक बाण बनाया जिसे आघात से रावण की मृत्यु होनी तय थी। इसलिए उस बाण का नाम मृत्यु बाण पड़ा। हालांकि रावण ने इसे चुरा लिया था ताकि वह अपनी मृत्यु को टाल सके, लेकिन हनुमान जी ने इस बाण को रावण की लंका से लेजाकर श्री राम को सौंप दिया था। इसके बाद युद्ध के दौरान श्री राम ने रावण पर इसी मृत्यु बाण का प्रयोग कर उसका वध किया था। मगर, रामायण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि मृत्यु बाण के प्रयोग से पहले श्री राम ने रावण को 32 बाण मारे थे। आखिर क्या है इन 32 बाणों का रहस्य और क्यों श्री राम ने न कम न ज्यादा, ठीक 32 बाणों से ही रावण पर प्रहार किया।

### श्री राम ने रावण को क्यों मारे थे 32 बाण?

लंकापति रावण सभी वेदों, पुराणों, ग्रंथों, महाकाव्यों आदि का ज्ञाता था। रावण को हर प्रकार की पूजा पद्धति के बारे में गहराई तक जानकारी थी। सामान्य पूजा-पाठ से लेकर यज्ञ-अनुष्ठान तक रावण को सभी विधियों के बारे में ज्ञात था। इसी कारण से रावण को परम ज्ञानी कहा जाता है। रावण जितना ज्ञानी था उतना ही बड़ा भक्त भी। रावण ने भगवान शिव के लिए शिव स्तुति स्तोत्र की रचना की थी। रावण भगवान शिव शंकर महादेव का अनन्य भक्त था, लेकीन अपनी परम भक्ति और असीमित ज्ञान के कारण लंकेश रावण में अहंकार भी भयंकर रूप से विद्यमान था। रामायण में उल्लेख मिलता है कि भक्ति और ज्ञान के कारण रावण के भीतर 32 गुण संचालित थे लेकिन मात्र 4 अवगुणों के प्रभाव के कारण रावण ने न सिर्फ जीवन भर अधर्म किया बल्कि स्त्री का मान भंग करने जैसा जघन्य अपराध भी किया था। रावण के अवगुण उसके गुण पर हावी थे। इन्हीं गुणों को उसकी मृत्यु से पहले नष्ट करने के लिए श्री राम ने 32 बाण चलाये थे। शास्त्रों में यह बताया गया है कि किसी भी पापी की मृत्यु का जब समय आता है तो उसके गुणों का नाश होने लग जाता है। श्री राम ने रावण के इन्हीं 32 गुणों का नाश कर उसे अंत में मृत्यु प्राप्त कराई थी।